भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3478

उत्तर देने की तारीख: 15.07.2019

केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्थानांतरण

3478. श्री हसनैन मसूदीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार कश्मीर के केन्द्रीय विश्वविद्यालय को जम्मू और कश्मीर के गांदरबल में स्थानांतरित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस विश्वविद्यालय की निर्माणाधीन अवसंरचना के कार्य में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है;

(घ) जम्मू और कश्मीर में आरयूएसए के विभिन्न घटकों के अंतर्गत कितनी धनराशि आवंटित/मंजूर गई है; और

(ङ) क्या सरकार के पास अनंतनाग में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): कश्मीर केन्द्रीय विद्यालय ने पहली बार में ही अपने तीन विभागों को शिफ्ट कर तुलमुल्ला, गंदरबल में आबंटित स्थल से कार्य करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, 09 विभागों को पहले ही जिला गंदरबल में शिफ्ट कर दिया है, जो मुख्य स्थल से 03 से 04 कि.मी. की परिधि में है और उन्हें राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए पुराने भवन में स्थापित किया गया है। आज की तारीख में, केवल 04 विभाग नौगाम श्रीनगर में कार्य कर रहे हैं।

(ख): सरकार ने कश्मीर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की लंबित निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) से 381.68 करोड़ रूपये की सहायता अनुमोदित की है। विश्वविद्यालय को निधि प्राप्त करने हेतु हेफा से संपर्क करना होगा।

(ग): राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के तहत जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए केन्द्रीय निधियन अनुपात 90:10 है। रूसा 1.0 के तहत, 269.109 करोड़ रूपये के केन्द्रीय भाग के साथ 299.01 करोड़ रूपए की राशि अनुमोदित की गई थी जिसमें से, जम्मू और कश्मीर को 225.59 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। रूसा 2.0 के तहत, 172.80 करोड़ रूपए के केन्द्रीय भाग के साथ

192 करोड़ रूपए की राशि अनुमोदित की गई थी जिसमें से, 62.40 करोड़ जम्मू और कश्मीर को जारी कर दिए गए हैं।

(घ): रूसा 1.0 और रूसा 2.0 के विभिन्न घटकों के तहत जम्मू और कश्मीर को आबंटित/जारी निधियां निम्नानुसार हैः-

घटक	अनुमोदित वास्तविक यूनिट	कुल अनुमोदित राशि	अनुमोदित कुल केन्द्रीय भाग (90:10)	जारी केन्द्रीय भाग
रूसा 1.0				
तैयार अनुदान		8	7.2	7.2
प्रबंधन निगरानी मूल्यांकन और अनुसंधान एमएमईआर	कुल जारी निधि का1%			0.036
विश्वविद्यालयों को अवसंरचना अनुदान	2	40	36	36
नए कॉलेज (व्यावसायिक)	3	78	70.2	46.8
कॉलेजों को अवसंरचना अनुदान	22	43.54	39.186	24.99
उच्चतर शिक्षा का व्यावसायीकरण (राज्यों को एक इकाई के रूप में)	1	7.47	6.723	0.7594
कॉलेजों को एक समूह में अंतरण द्वारा विश्वविद्यालयों का सृजन	2	110	99	99
मौजूदा कॉलेजों का एमडीसी में उन्नयन	3	12	10.8	10.8
रूसा 2.0				
विश्वविद्यालयों को अवसंरचना अनुदान	1	20	18	9
कॉलेजों को अवसंरचना अनुदान	8	16	14.4	7.2
चयनित, राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता संवर्धन	1	100	90	30
नए मॉडल कॉलेज	3	36	32.4	10.8
मौजूदा कॉलेजों का एमडीसी में उन्नयन	2	8	7.2	
समानता पहलें	2	5	4.5	2.25
संकाय सुधार	1	7	6.3	3.15
कुल	**51**	**491.01**	**441.91**	**287.99**

(ड.): वर्तमान में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******